न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील, सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारी ::: बनवारी लाल (नायब तहसीलदार)

मिसल नं. ::: 21/2018

सरकार बनाम संजय पुत्र बहादुर सिंह, जाति–राजपूत, निवासी– डुलानिया

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के अन्तर्गत

निर्णय दिनांक : 15.03.2018

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। गैर सायल स्वंयं अनुपस्थित। गैर सायल की ओर से उसका चचेरा भाई राजेश सिंह उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। इस प्रकरण में संक्षेप में मामला इस प्रकार से है कि गैर सायल संजय पुत्र बहादुर सिंह, जाति–राजपूत, निवासी–डुलानिया द्वारा रोही मौजा डुलानिया की राजकीय भूमि ख.नं. 631/498 कुल रकबा 0.08 है0 किस्म बारानी–3 में से 0.05 है0 भूमि पर फसल सरसों काश्त कर अतिक्रमण करने की रिपोर्ट हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया। गैर सायल को नोटिस जारी किया गया। गैर सायल की ओर से उसक चचेरे भाई ने हाजिर अदालत होकर जवाब नोटिस किया कि उसके द्वारा किसी प्रकार का अतिक्रमण नही किया हुआ है तथा अतिक्रमण पूर्णतया हटा लिया है। गैर सायल का जवाब संतोषजनक नही माना जा सकता है। अतः रिपोर्ट पटवारी हल्का को सही मानते हुए गैर सायल को उपरोक्त विवादित भूमि का अतिचारी घोषित किया जाकर उनके विरूद्ध बेदखल करने के आदेश दिये जाते है। आर्थिक दण्ड स्वरूप सरह लगान का 50 गुणा तावान 10 रू. कायम किया जाता है। राजकीय भूमि में बोई गई फसल को राजहक में कुर्की, जब्ती एवं नियमानुसार निलामी करने की आज्ञा दी जाती है। इस बाबत् गिरदावर हल्का को लिखा जावें।

तहसील राजस्व लेखाकार के अभिलेख में तावान राशि की कायमी करवाई जावें। पटवारी / गिरदावर हल्का को तावान वसूली, मौका बेदखली एवं फसल निलामी हेतु लिखा जावें । मिसल फैसल शुमार होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 15.03.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(हस्ताक्षर)
(बनवारी लाल)
नायब तहसीलदार, सूरजगढ़

रा० लें० स० 4 के पृष्ठ सं. 51 पर वर्ष 2017-18 में रुपये 10/- कायम किए
राजस्व लेखाकार